पंजाब केसरी 23/02/2024



'शुद्ध पंजाबी लेखणी' प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में हुई 'शुद्ध पंजाबी लेखणी' प्रतियोगिता

अम्बाला, 22 फरवरी (बलराम): अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा के उपलक्ष्य में गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के पंजाबी विभाग द्वारा 'शुद्ध पंजाबी लेखणी' प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता का विषय 'विद्यार्थी जीवन विच मां बोली दा महत्व' रहा।

इस अवसर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि पंजाबी भाषा का संबंध केवल एक राज्य से न होकर पूरे विश्व के साथ है, क्योंकि लगभग 150 देशों में पंजाबी लोग रह रहे हैं। इसी कारण पंजाबी भाषा, साहित्य, सभ्याचार को विश्व प्रसंग में समझना जरूरी है।

विश्व प्रसंग में बदलाव बड़ी तेजी से आ रहा है। कम्प्यूटर और मीडिया से आज का विद्यार्थी जुड़ा हुआ है। इसके द्वारा विद्यार्थियों की मानसिकता, विचार एवं नए प्रभाव के कारण बदलाव देखे जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मातृभाषा से जुड़ने एवं शुद्ध लेखन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में 22 विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सागर कुमार, द्वितीय स्थान तरुण कुमार, तृतीय स्थान आदिल ने हासिल किया, जबकि वहीं सांत्वना पुरस्कार वरुण व सुनीता ने हासिल किया। प्राचार्य ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मंच संचालन एवं निर्णायक की भूमिका पंजाबी विभाग की प्राध्यापिका डा. जसवीर कौर ने निभाई।

इस अवसर पर अन्य स्टाफ सदस्य भी शामिल रहे।